हरिभूमि
कोरिया भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 16 अप्रैल 2024
बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

तापमान
अधिकतम 36 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री

4 महाष्टमी आज : मंदिरों में होगी मां महागौरी की आराधना

बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल
लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें :- 7400009183

त्यौहारी सीजन में परेशान हो रहे लोग, बैंक से निकासी की लिमिट भी तय

अधिकांश एटीएम ड्राई, कैश की किल्लत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

जिला मुख्यालय में विभिन्न बैंकों के करीब आधा दर्जन एटीएम लगाए गए हैं। वर्तमान समय में इनमें कैश ही नहीं है, जिसे लेकर लोग कैश निकासी को लेकर परेशान हैं। अप्रैल माह में त्यौहारी सीजन चल रहा है, ऐसे में लोगों को विभिन्न जरूरतों के लिए कैश की जरूरत पड़ रही है और जब लोग एटीएम में कैश निकालने के लिए जाते हैं तो एटीएम में कैश ही नहीं निकल रहा है।

जानकारी के अनुसार चरचा कॉलरी में सबसे अधिक भारतीय स्टेट बैंक के चार की संख्या में एटीएम है और चारों एटीएम कई दिनों से ड्राई पडे हुए हैं। इसी तरह सेंट्रल बैंक का एक तथा एक अन्य बैंक का एटीएम चरचा कॉलरी में स्थापित है। इस तरह चरचा कॉलरी में 6 की संख्या में एटीएम मशीने विभिन्न जगहों पर लगाई गई है और सभी के सभी एटीएम में कैश की कमी हो गई है। त्यौहारी सीजन में एटीएम के ड्राई हो जाने के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस समय पूजा सामग्री फल व दैनिक अन्य जरूरतों के लिए कैश की आवश्यकता पड़ने पर लोग एटीएम पहुंच रहे हैं तो वहां उन्हें पैसा ही नहीं मिल रहा है। ऐसी स्थिति में एक एटीएम से दूसरे एटीएम दौड़ लगाकर पहुंच रहे हैं, लेकिन कैश नहीं मिल रहा है। इस तरह चरचा कॉलरी में स्थापित सभी एटीएम में कैश की कमी बनी हुई है। जानकारी के अनुसार लगभग एक सप्ताह से चरचा कॉलरी के एटीएम में कैश नहीं है, इसे लेकर लोगों की परेशानी बढ़ गई है।

चरचा कॉलरी के ड्राई एटीएम

शहर के कई एटीएम भी ड्राई

कोरिया जिला मुख्यालय में दर्जनभर से अधिक बैंक की शाखाएं संचालित हैं, जिनके एटीएम भी जगह-जगह स्थापित किए गए हैं। लोगों की शिकायत है कि शहर के भी कई बैंकों के एटीएम इन दिनों ड्राई हो गए हैं, जब कोई उपभोक्ता एटीएम से राशि निकालने पहुंचते हैं, तब पता चलता है कि एटीएम में राशि ही नहीं है, जिससे कि उपभोक्ताओं को एक एटीएम से दूसरे एटीएम जाना पड़ता है। उल्लेखनीय है कि कुछ दिनों पूर्व एसबीआई के सभी एटीएम में कैश की कमी बनी थी, तब लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था, अब फिर से शहर के कई एटीएम त्यौहारी सीजन में ड्राई हो गए हैं, इससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है।

5 हजार से अधिक बैंक नहीं दे रहे

जानकारी के अनुसार चरचा कॉलरी में स्थित विभिन्न बैंकों के एटीएम ड्राई होने के कारण लोगों को कैश नहीं मिलने के कारण बैंक पहुंच रहे हैं,लेकिन यहां उन्हें थोड़ी राहत मिल रही है। बैंक में भीड़-भाड़ के बीच जब कोई बैंक उपभोक्ता अपने खाते से राशि विड्राल भरकर निकालने के लिए पहुंचते हैं तो उन्हें अधिकतम 5 हजार रूपए निकासी करने की सलाह दी जा रही है, इससे अधिक की रकम की जरूरत होने पर नहीं दी जाती। चरचा कॉलरी में कई कॉलरी कर्मी है,जिनके वेतन बैंक में जमा है, लेकिन जब राशि की आवश्यकता होने पर आहरण करने बैंक पहुंचते हैं तो उन्हें अधिकतम 5 हजार रूपए की राशि ही दी जा रही है, जिससे कि लोगों को इस त्यौहारी सीजन में मुसीबत बढ़ गई है।

असामाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त किए गए मिरर।

राहगीरों के लिए लगाए गए रोड सेप्टी मिरर क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

सुरक्षित सड़क यातायात के लिए रोड सेप्टी मिरर शहर के कई ब्लैक स्पॉट वाले जगहों पर कुछ वर्ष पूर्व लगाए गए हैं, इसके अलावा शहर सीमा के बाहर भी खतरनाक मोड़ के पास लगाए गए हैं।

■ शहर के ब्लैक स्पॉट पर यातायात विभाग ने लगाए थे

रोड सेप्टी मिरर सड़क पर लोगों के सुरक्षित यातायात के लिए लगाए गए हैं, लेकिन कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा सड़क किनारे संभावित दुर्घटना वाले जगहों पर लगाए गए रोड सेप्टी मिरर को क्षतिग्रस्त कर दिए हैं, इससे कि ऐसे जगहों पर दुर्घटना की संभावना बढ़ गई है। जानकारी के अनुसार शहर के शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सामने एक रोड सेप्टी मिरर लगाया गया है, इस जगह पर कचहरीपारा की गली सिविल लाईन मार्ग से मिलती है। इस जगह पर अंधा मोड़ है, जिसके कारण कन्या विद्यालय के सामने रोड सेप्टी मिरर लगाया गया है, ताकि अंधे मोड़ पर वाहन चालक लगाए गए रोड सेप्टी मिरर में देखकर यह जान पाते कि अंधे मोड़ के पास दूसरी ओर से वाहन तो नहीं आ रहा है और सतर्क होकर वाहन चालन करते, लेकिन असामाजिक तत्वों ने रोड सेप्टी मिरर को ही क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे कि अब दुर्घटना की संभावना बन गई है।

अंडर ब्रिज के रोड सेप्टी मिरर भी क्षतिग्रस्त

बैकुंठपुर से सोनहत मार्ग पर ग्राम खरवत में रेल्वे अंडर ब्रीज के नीचे मोड़ पर दोनों ओर रोड सेप्टी मिरर लगाए गए थे, जो कुछ दिन भी नहीं टीका। यहां पर अंडर ब्रीज के नीचे दोनों ओर लगे रोड सेप्टी मिरर क्षतिग्रस्त हो गया है, जबकि यहां पर सुरक्षित यातायात के लिए बहुत जरूरी है रोड सेप्टी मिरर का होना, क्योंकि दोनों ओर ब्रीज के नीचे अंधा मोड़ है और दोनों ओर से वाहनों की आवाजाही के दौरान दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है।

खबर संक्षेप

आवासीय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा अब 24 को

बैकुण्ठपुर। शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक बैकुंठपुर आवासीय विद्यालय में सीबीएसई की पाठ्यक्रम हिन्दी माध्यम में सत्र 2024-25 कक्षा 6 वीं से 9 वीं की प्रवेश परीक्षा 15 अप्रैल को आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दिया गया है। उक्त प्रवेश परीक्षा अब 24 अप्रैल को प्रातः 11:30 बजे निर्धारित किया गया है।

मतदान कराने दिलाई गई शपथ

मनेन्द्रगढ़। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी.राहुल वेंकट एवं पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह ने लोकसभा निर्वाचन को संपन्न कराने के लिए जनपद पंचायत भरतपुर के सभाकक्ष में दूरस्थ क्षेत्रों के सेक्टर अधिकारी, सचिव, बीएलओ एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारियों सहित निर्वाचन कार्य में सुरक्षा के लिए तैनात सुरक्षा कर्मी तथा कोटवार की बैठक लेकर स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन कराने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत मतदाता शपथ दिलाई।

पिछले वादे अधूरे, नए पर भरोसा नहीं: अशोक

मनेन्द्रगढ़। भाजपा के द्वारा लोकसभा चुनाव को लेकर घोषणा पत्र संकल्प पत्र के नाम से जारी कर दिया है। दिल्ली स्थित बीजेपी मुख्यालय में पीएम मोदी, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत शीर्ष नेतृत्व की मौजूदगी में संकल्प पत्र जारी किया गया। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जारी किए गए घोषणा पत्र को भाजपा ने जहां विकसित भारत बनाने वाला मेनिफेस्टो करार दिया है तो वहीं कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव का कहना है कि पिछले वादे तो पूरे किए नहीं और नए वादों की घोषणा कर दी गई है। इस बारे में कांग्रेस जिलाध्यक्ष का कहना है कि राज्य की पिछली सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को बंद कर दिया गया। बुलेट ट्रेन चलाने की बात की गई पर सामान्य ट्रेनें ही ठीक से चलाई नहीं जा रही, आखिर ये किस तरह के विकास की बात कर रहे हैं। इस क्षेत्र के लोग ट्रेन के अभाव मे परेशान हैं, लेकिन भाजपा के नेताओं को ये दिखाई नहीं दे रहा।

चोरों ने घर के सामने से पार किया बाइक

अम्बिकापुर। घर के सामने खड़ी बाइक को चोरों ने पार कर दिया।

रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार बगीचा निवासी सत कुमार यादव आ. रामफल यादव (23 वर्ष) किसी काम के सिलसिले में बाइक क्रमांक सीजी 14 एमएल 9329 से शहर आया था। रात हो जाने पर सुभाष नगर निवासी भाई घर रुक गया। युवक बाइक को घर के सामने खड़ा कर सो गया। सुबह उठा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 379 के तहत अपराध दर्ज की गई।

क्षत्रीय समाज के आयोजन में पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री

कार्यक्रम में उपस्थित स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल।

डोमनहिल। क्षत्रीय समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम चैत्र में स्वास्थ मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल पहुंचे और चैता गायन का आनंद लिया ।

प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी क्षत्रीय समाज चिरमिरी के द्वारा महाराना प्रताप भवन डोमनहिल में 14 अप्रैल को भगवान रामजी के जन्म के अवसर पर गाया जाने वाला चैत्रा गायन का आयोजन किया गया। इसमें चिरमिरी क्षेत्र के डोमनहिल, गोदरीपारा, कोरिया कॉलरी, हल्दीबाड़ी सहित क्षेत्र के भोजपुरी समाज के चैता गाने वाले कलाकारों के द्वारा गाए गए पारंपरिक चैता गीत का आनंद लेने काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजक कामेश्वर सिंह ने कहा कि क्षेत्र में भोजपुरी समाज के द्वारा भगवान रामजी के जन्म के अवसर पर गाया जाने वाला चैता गायन का आयोजन क्षत्रीय समाज के द्वारा किया जाता है। उद्देश्य पौराणिक पर्व त्यौहार का महत्व आज के बच्चे समझ नहीं पाते हैं और गलत रास्ता अपना लेते हैं। हमारा समाज अपने पारंपरिक त्यौहार के महत्व को बचाने के लिए होली, दीपावली, दुगा पूजा या अन्य त्यौहार का आयोजन कर पौराणिक सभ्यता को बचाने का प्रयास कर रहा है। समाज के क्षेत्रिय अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह ने कहा कि आज से 10 वर्ष पूर्व जिस उमंग और मस्ती के साथ त्यौहार मनाया जाता था उसमे कमी आई है। प्रत्येक समाज के लोगों को चाहिए कि होने वाले पारंपरिक त्यौहारों की जानकारी अपने बच्चों को अवश्य दे।

■ चेत्रा गायन का आयोजन

इस अवसर पर मुख्य रुप से समाज के वरिष्ठ सदस्य यसवंतनारायन सिंह, रामनरेश सिंह, रामविश्वास सिंह, मुरली सिंह ,रामाकांत सिंह, प्रमोद सिंह,उमेश सिंह, दयानंद सिंह, विजय सिंह, जेके दुबे ,दिनेश सिंह, पतीराज सिंह सहित समाज के सदस्य काफी संख्या में उपस्थित रहे।

कीटनाशक पीने से गंभीर युवक की मौत

अम्बिकापुर। घर से घूमने निकले युवक ने कीटनाशक पी लिया। युवक ने घर पहुंच कीटनाशक पीने की जानकारी परिजन को दी। परिजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम करमाहा परसीली पारा निवासी बाबू चंद आ. मोहर लाल (20 वर्ष) गुरूवार को गांव में घूमने के लिए निकला था। शाम 7 बजे घर लौटा और परिजन को बताया कि कीटनाशक पी लिया है। युवक की बात सून परिजन के होश उड़ गए और उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान आज सुबह युवक की मौत हो गई।

ढाई लाख मतदाताओं से मिले स्वीप संगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मनेन्द्रगढ़

जिला स्वीप टीम की अगुवाई में 233 ग्राम पंचायतों एवं 4 नगरीय निकायों में स्वीप संगी बनकर ग्राम स्वीप समिति, स्व सहायता समूह एवं महिला एवं बाल विकास की महिलाएं ने मतदाताओं से मिलकर 85 वरिष्ठ नागरिक मतदाता के लिए निःशुल्क परिवहन सुविधा की जानकारी दी एवं पोलिंग बूथों में की जा रही पानी, छांव, व्हीलचेयर, जैसी बुनियादी सुविधाओं के बारे में दीवार लेखन कर, रैली निकाल कर पारा, मुहल्ला, वार्ड, गांव में बताने का प्रयास किया। स्वीप समिति के द्वारा सार्वजनिक स्थलों में कार्यक्रम के माध्यम से तकरीबन 2.5 लाख मतदाताओं से मिलकर लोकसभा निर्वाचन 7 मई को निर्भीकता के साथ मताधिकार का सदुपयोग करने का आह्वान किया गया। 18 मार्च से निरंतर जगह-जगह मतदाता जागरूकता की अलख शासकीय अमलों के साथ-साथ पेट्रोल पंप व्यवसायियों, युवाओं, सार्वजनिक ट्रांसपोर्टर, सीएससी संचालकों के द्वारा मतदाता जागरूकता बैनर लगाकर किया जा रहा है।

■ स्वीप समिति चला रही मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में शामिल महिलाएं।

चाहे बस में सफर करने वाला व्यक्ति हो या मोटर कार में डीजल पेट्रोल लेने वाला व्यक्ति,अस्पताल में जाने वाला मरीज को भी पंजीयन पर्ची में लिखकर जिला प्रशासन लोकसभा निर्वाचन के बारे में जागरूक करने का प्रयास कर रही है।

10 संगवारी मतदान केन्द्रों में सिर्फ महिला मतदान दल कराएंगे मतदान

बैकुण्ठपुर। लोकसभा निर्वाचन में महिला दिव्यांग एवं युवा मतदान दलों की भागीदारी सुनिश्चित करने जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा विशेष पहल की जा रही है, इसके तहत 10 संगवारी मतदान केन्द्रों में सिर्फ महिला मतदान दल एवं 1-1 मतदान केन्द्रों में दिव्यांग एवं युवा मतदान दलों द्वारा आगामी 7 मई को मतदान कराया जाएगा।

मतदान प्रक्रिया के लिए सभी महिला मतदान दलों को जिला पंचायत के ऑडिओरियम में एवं दिव्यांग व युवा मतदान दलों को सभाकक्ष में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने प्रशिक्षण का अवलोकन किया एवं मतदान प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने महिला, दिव्यांग एवं युवा मतदान दलों को मतदान प्रक्रिया की बारीकियों को ध्यान से समझने और किसी भी तरह की शंका होने पर निःसंकोच उसका समाधान कराने कहा। कलेक्टर ने मतदान दलों को निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार मतदान प्रक्रिया को ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करते हुए निष्पक्ष एवं सफलता पूर्वक निर्वाचन संपन्न कराने को कहा। कलेक्टर ने मतदान दलों को प्रत्येक मतदान अधिकारी के कार्यो-मतदाता सूची चिन्हित प्रति से मिलान, मतदाता पर्ची, अमिट स्याही, मतदाता रजिस्टर में हस्ताक्षर, पर्ची जमा कर वैलेट जारी करने तथा मतदान कंपार्टमंट में मत डालने की प्रक्रिया से व्यवहारिक रूप से अवगत कराया और बेहतर कार्य संपादन के लिए शुभकामनाएं दी। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता, स्वीप के नोडल अधिकारी केके गुप्ता रहे।

■ कलेक्टर ने मतदान दलों के प्रशिक्षण का लिया जायजा

माइक्रो आर्ब्जवर का प्रथम प्रशिक्षण

मनेन्द्रगढ़। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन के सुचारू संचालन के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी.राहुल वेंकट के निर्देशानुसार चुनाव में कार्य के सफल संचालन के लिए सोमवार को माइक्रो आर्ब्जवरों की बैठक सह प्रशिक्षण का आयोजन जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आहूत की गई।

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर गिरीश कुरचानिया, श्रीकांत लांजवाल एवं संजय श्रीवास्तव के द्वारा बताया गया कि समस्त माइक्रो आर्ब्जवर भारत निर्वाचन आयोग के प्रतिनिधि के रूप में कार्य करेंगे। मतदान दिवस के दिन मतदान केन्द्रों के समस्त गतिविधियों का सूक्ष्म पर्यवेक्षण करेंगे। आर्ब्जवर जिला निर्वाचन के द्वारा नियुक्त जरूर किए जाते हैं, परंतु वे सीधे और केवल पर्यवेक्षक के अधीन काम करते हैं और उन्हें ही रिर्पोट करते हें। वे खुद को आवंटित मतदान केन्द्र की प्रत्येक कार्रवाई पर नजर रखते हैं और निर्धारित प्रारूप में इनका उल्लेख ▶▶ शेष पेज 4 पर

माता के दर्शन के लिए रोजाना श्रद्धालुओं की उमड़ रही भीड़

देवी मंदिरों में सप्तमी की हुई विधि विधान से पूजा-अर्चना, महाष्टमी आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

चैत्र नवरात्री के अवसर पर देवी मंदिरों में माता के महागौरी रूप की विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की जाएगी, साथ ही इस दिन महाआरती भी किया जाएगा। पंचमी तिथि को माता का पंचरत्न श्रृंगार किया गया, जिसे देखने के लिए भक्तों की भीड़ देवी मंदिरों में उमड़ पड़ी थी, इसके बाद से लगातार देवी मंदिरों में जमकर भीड़ चल रही है।

सप्तमी तिथि को देवी मंदिरों में कन्याओं का विधि-विधान के साथ पूजन कर उन्हें भोग चढ़ाया गया। इसी तरह आज अष्टमी तिथि को भी कई जगहों पर कन्या भोजन कराने की तैयारियां है। अष्टमी तिथि को हवन-पूजन कार्यक्रम भी कई देवी मंदिरों में आयोजित की गई है। इस दिन देवी मंदिरों में भीड़ अधिक रहने की संभावना है। चैत्र नवरात्र के अंतिम दिनों में श्रद्धालुओं की भीड़ आस्था केन्द्रों एवं देवी मंदिरों में बढ़ जाती है। सभी आस्था केन्द्रों में दिनभर माता के जयकारे के साथ देवी गीत से गुंज रहे हैं और दिनभर श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा हुआ है। कई जगहों पर भोग भंडारा कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं।

चैत्र नवरात्र में जिलेभर में देवी भक्ति की बयार बह रही है। इस पर्व को लेकर शहर के लोगों में ही नहीं बल्कि ग्रामीण क्षेत्र ▶▶ शेष पेज 4 पर

रमदईयाधाम में विराजी मां।

दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालु ।

आज भक्तिभाव के साथ जवारा की निकलेगी झॉकी

कल 17 अप्रैल को चैत्र नवरात्र के नवमीं तिथि को विभिन्न जगहों पर जवारा की भक्तिभाव के साथ झांकी निकाली जाएगी। जवारा की झांकी में श्रद्धालु शामिल होते हैं, इसमें कई अदभूत नजारा भी देखने को मिलता है। गाजे-बाजे के साथ झूमते हुए लोग झॉकी में शामिल होते हैं। इस तरह विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना करने के बाद जवारा का विसर्जन किया जाता है, इसे लेकर गांव-गांव में भक्तिभाव से ओतप्रोत श्रद्धालुओं को देखा जा सकता है। स्थानीय रमदईया धाम परिसर से उल्लास के साथ जवारा की झॉकी नवमी तिथि को निकाली जाती है, जो रमदईया धाम परिसर से शहर तक पहुंचता है और फिर वापस जाकर विसर्जन किया जाता है।

देव स्थान पर शराब पीकर आने की मनाही

चस्पा किया गया नोटिस।

चैत्र नवरात्र को लेकर जगह-जगह देवी की आराधना की जा रही है, वहीं गांव के देवल्ला में भी जवारा बोकर पूजा-अर्चना की जा रही है। इस पर्व पर ग्राम लटमा के ग्रामीणों ने तय कर रखा है कि देव स्थान पर कोई भी शराब पीकर नहीं पहुंचेगा, अन्यथा 1000 रूपए जुर्माना देना होगा। गांव के लोगों के इस निर्णय का सभी लोग पालन करते हैं और कोई भी शराब पीकर देव स्थान पर नहीं जाता है।

खबर संक्षेप

राशन नहीं मिलने पर सरपंचों ने सौंपा कलेक्टर को ज्ञापन

जशपुरनगर। जशपुर जनपद के सभी ग्राम पंचायत के सरपंच और सेल्समैन कलेक्ट्रेट पहुंच कर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। सौपें गए ज्ञापन में कहा गया है,कि राज्य शासन के सभी मापदंडों के हिसाब से भी राशन वितरण करने के वावजूद भी पंचायतों को कार्डधारियों के हिसाब से राशन नहीं दिया जा रहा है। बिना बताए, बिना जानकारी के पंचायतों में राशन वितरण में कटौती की जा रही है। जिससे ग्राम पंचायत के सभी कार्ड धारियों को राशन वितरण न ही हो पा रहा है। सभी को राशन उपलब्ध नहीं करा पाने के कारण उपभोक्ता के साथ साथ सेल्समैन व सरपंच को खरी खोटी सुननी पड़ रही है। और जिन उपभोक्ता को राशन नहीं मिल पा रहा है उसको अलग समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

जनहानि के मामलों में 8 लाख की राशि स्वीकृत

जशपुरनगर। कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के दो मामलों में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6-4 के तहत 08 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसमें कुनकुरी तहसील अंतर्गत ग्राम हर्री निवासी बेलसन राम का कुआं के पानी में डूबने से 10 अक्टूबर 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतक निकटतम वारिस मृतक के पत्नी हीरामुनी बाई हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार मनोरा तहसील के ग्राम कारादारी निवासी पविता बाई का कुआं के पानी में डूबने से 31 अगस्त 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतिका के निकटतम वारिस मृतिका के पिता प्रदीप हेतु 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

प्रथम चार्टर्ड एकाउंटेंट प्रकाश अग्रवाल को एसबीआई ने किया सम्मानित

जांजगीर-चांपा। जांजगीर के प्रथम चार्टर्ड एकाउंटेंट प्रकाश अग्रवाल के ऑडिट के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए रायपुर स्थित भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रशासनिक कार्यालय में समारोह आयोजित कर सम्मानित किया। साथ ही उनके सहयोगी ऋषभ अग्रवाल को भी उनके विशेष योगदान के लिए उनको भी उपहार प्रदान कर सम्मानित किया। ज्ञात हो सीए प्रकाश अग्रवाल अपने कार्यक्षेत्र एक विशेष पहचान रखते है एवं इस पेशे में प्रेरणा श्रोत है जिनके बाद बहुत से बच्चो ने सीए किया। वे टैक्स बार एसोसिएशन के फाउंडर अध्यक्ष भी रहे है।

परसा से परसी जाने वाले मार्ग में जगह-जगह गड्ढे

पोता। मालखरौदा ब्लॉक के पोता से परसा परसी जाने वाले मुख्य मार्ग जर्जर हो गया है। मार्ग में जगह-जगह गड्ढा होने से आवागमन करने वाले लोगों को परेशानी हो रही है। वहीं कई बार वाहन के आने-जाने से दुर्घटना की भी संभावना बनी रहती है। ग्रामीणों ने शीघ्र ही मरम्मत की मांग की है।

राष्ट्रीय व प्रांतीय प्रवास समिति रायगढ़ लोकसभा की प्रभारी बनी संयोगिता

डभरा। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ के प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी जगदीश रोहरा ने राष्ट्रीय प्रांतीय प्रवास समिति के लिए छत्तीसगढ़ के अलग-अलग लोकसभाओं के लिए प्रभारीयों की नियुक्ति की गई है। इसमें रायगढ़ लोकसभा के लिए दिवंगत कुमार दिलीप सिंह जूदेव, जशपुर राजघराने की छोटी बहू संयोगिता युद्धवीर सिंह जूदेव को राष्ट्रीय/ प्रांतीय प्रवास समिति का प्रभारी बनाया गया है । वे प्रदेश भाजपा कार्यसमिति एवं विशेष आमंत्रित सदस्य हैं।

इंग्लिश आचार्य में प्रवेश और जानकारी अब ऑनलाइन

जांजगीर-चांपा। इंग्लिश आचार्य ने अब छात्रों कों आसानी से अपनी वेबसाइट के माध्यम से प्रवेश के लिए आवेदन की सुविधा प्रदान की है। इस प्रक्रिया से छोटे बच्चों के अभिभावक घर बैठे ही पूरी जानकारी प्राप्त कर बच्चो को प्रवेश दिला सकेंगे।छात्रों को ऑनलाइन आवेदन करने के लिए वे इंग्लिश आचार्य की आधिकारिक वेबसाइट www.eng-lishacharyadeepak.in पर जा सकते हैं। वहां उन्हें प्रवेश प्रक्रिया, फीस और कक्षा समय सारिणी के बारे में संपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

मुख्यमंत्री निवास बगिया में गूंजे माता रानी व भगवान श्रीराम के जयकारे

कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ चार दिवसीय राम नवमी महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सीएम की धर्मपत्नी कौशिल्या साय कलश यात्रा में शामिल हुईं।

जिले के कांसाबेल ब्लाक के बगिया में स्थित सीएम निवास में रविवार को भव्य कलश यात्रा के साथ चार दिवसीय रामनवमी महायज्ञ का भव्य शुभारम्भ हुआ। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सुबह से ही श्रद्धांलुओं की भीड़ जमा होने लगी।

सीएम निवास में झांझ, मांदर की थापों के साथ भगवान श्रीराम के जयकारे, जय माता दी और भक्ति गीतों से गूंज रहा था। दोपहर लगभग 3 बजे सीएम निवास से कलश यात्रा शुरू हुई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी कौशल्या साय भी इस कलश यात्रा मे शामिल हुईं। वे महिलाओं के साथ कदम से कदम मिला कर नदी तट तक पहुंचीं और वापस आयोजन स्थल आईं। सिर पर कलश रख कर श्रद्धालु महिलाओं ने पेंड्रा झरिया के तट से पवित्र जल लेकर आयोजन स्थल पहुंची। यहां, पवित्र जल से पूजा स्थल को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शुद्धिकरण किया गया।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा की प्रक्रिया शुरू हुई। हवन पूजन और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्रतिमा स्थापित की गईं। आरती के बाद भक्त लीला भजन मे डूबे रहे। भजन कीर्तन का यह दौर देर रात तक चलता रहा। इस भव्य राम नवमी महायज्ञ का आयोजन सत्य सनातन धर्म देवी समाज के सानिध्य में किया गया है। कार्यक्रम के दूसरे दिन सोमवार को आरती व पूजन के साथ प्रवचन, लीला व भजन का आयोजन किया गया । मंगलवार को नियमित पूजा के साथ संधि पूजा, प्रवचन और लीला भजन और कार्यक्रम के अंतिम दिन बुधवार को नवकन्या पूजन, पूर्णाहुति, सहस्त्र स्नान, आशीर्वाद, प्रतिमा विसर्जन व प्रसाद वितरण के साथ रामनवमी महायज्ञ का यह कार्यक्रम संपन्न होगा।

सोगड़ा में मतदाता जागरूकता: संकल्प कलश यात्रा के माध्यम से दिया मतदान का संदेश

जशपुरनगर। जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियां जारी है। लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान के लिए जिले भर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

विभिन्न ग्राम पंचायतों की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा सभी कलस्टर में नए मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत केराडीह और लोदाम में सहित अन्य ग्रामों में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। हाथों में वोट देने की अपील की तख्तियां में वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना, देश का भाग्य विधाता बने आप मतदाता, सबसे बड़ा दान मतदान, मतदाता वोट हमारा अधिकार, जैसी स्लोगन के साथ महिलाओं ने जागरूकता का सन्देश दिया।

शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को किया गया जागरूक।

विद्यार्थियों ने रंगोली, पोस्टर बनाकर किया जागरूक

लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर जिले भर में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में अभियान के अंतर्गत आज पत्थलगांव स्थित स्वामी आत्मानंद विद्यालय में स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत छात्राओं ने लोकतंत्र के महापर्व विषय पर निबंध लिखकर और रंगोली, पोस्टर बनाकर सभी मतदाताओं को मतदान के प्रति संदेश दिया। इसी तरह शासकीय हाई स्कूल अंकिरा और शासकीय नवीन कॉलेज सन्ना में भी स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अंकिरा हाई स्कूल की छात्राओं ने पोस्टर बनाकर शत-प्रतिशत हेतु जागरूकता का सन्देश दिया। वही शासकीय नवीन कॉलेज सन्ना में आयोजित स्वीप कार्यक्रम में नए युवा मतदाताओं को मतदान संबंधी जानकारी देते हुए आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान के लिए शपथ दिलाई गई। इसी तरह अन्य कई स्थानों पर भी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पोस्टर, रंगोली कार्यक्रम में छात्राओं ने अपनी भागीदारी दिखाई। शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए स्वीप गतिविधि जारी है। जिसके जरिए सभी को लोकतंत्र में सहभागिता के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

सुख-समृद्धि की कामना के लिए विधायक ने मां मनसा देवी मंदिर में टेका मत्था

जशपुरगनर। जिले की सुख-समृद्धि और मंगल कामना करने विधायक श्रीमती रायमुनी भगत मां मनसा देवी मंदिर पहुंची। यहां विधि विधान से पूजा अर्चना कर सभी की खुशहाली की प्रार्थना की।

सोमवार की सुबह नवरात्रि के पावन अवसर पर चांपा टोली स्थित मां मनसा देवी मंदिर में जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत अपने समर्थकों और कार्यकर्ताओं के साथ पहुंची। यहां श्रीमती भगत ने विधि विधान से पूजा अर्चना की और सभी की खुशहाली सुख समृद्धि के लिए मंगल कामना की । श्रीमती भगत ने यहां आए श्रद्धालुओं को मां मनसा देवी मंदिर के इतिहास पर प्रकाश डालते इससे जुड़े मान्यता को भी विस्तार से बताया और कहा कि मां मनसा देवी मंदिर ऐतिहासिक धार्मिक स्थल है इसके विकास, विस्तार और प्रचार प्रसार के लिए वह अपने तरफ से हर संभव प्रयास करेंगी।

■ नवरात्रि पर मनसा देवी मंदिर में की पूजा- अर्चन

देश को विकसित बनाने की प्रतिबद्धता पर आधारित है मोदी की गारंटी : राय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय ने कहा है कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव के अपने जनघोषणा पत्र को मोदी की गारंटी-2024 नाम दिया है, क्योंकि मोदी की गारंटी की सभी वादे केंद्र की सरकार ने पूरे किए है।

आज देश ही नहीं छत्तीसगढ़ में भी विधानसभा चुनाव में भाजपा ने मोदी की गारंटी पर चुनाव लड़ी थी, जिस पर जनता ने विश्वास किया और कांग्रेस की कुशासन वाली भूपेश सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंका। इस बार भी लोकसभा चुनाव में प्रदेश की जनता केंद्र की मोदी गारंटी पर विश्वास करते हुए यहां छत्तीसगढ़ में डबल इंजन वाली सरकार बनाकर विकसित भारत के संकल्प को पूरा करेगी। विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी की अधिकांश वादों को विष्णुदेव सरकार ने पूरा कर दिया है। भाजपा घोषणा पत्र के सभी वादों को पूरा करने का नाम ही मोदी की गारंटी है। पूर्व राज्यसभा सांसद रणविजय सिंह जूदेव ने कहा कि सबका साथ-सबका साथ के मूत्र मंत्र के साथ केंद्र की मोदी सरकार 10 साल तक एक नए भारत को गढ़ने का काम किया है। यही वजह रही है कि कोरोनाकाल के आपदा काल और वैश्विक मंदी के बावजूद देश को विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था बनाने का ऐतिहासिक काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। आने वाले 2029 तक देश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी अर्थव्यवस्था बनने से कोई नहीं रोक सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में 25 करोड़ों लोगों को गरीबी रेखा से बाहर आ चुके हैं। प्रदेश मंत्री प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने कहा कि पूर्ववर्ती केंद्र की कांग्रेस की सरकारों में भ्रष्टाचार का इस कदर पूरी व्यवस्था में फैला था, कि विकास के लिए राज्य में आने वाले पैसे की लूट मचती थी। यूपीए की सरकार में देश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से खोखली हो गई थी।

■ सबका साथ-सबका विकास के मूल मंत्र पर सभी वर्गों का होगा उत्थान भाजपा

कुधरी में कच्ची महुआ शराब के साथ महिला गिरफ्तार

फगुरम। फगुरम चौकी पुलिस द्वारा लगातार अवैध शराब के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में 13 अप्रैल को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम कुधरी निवासी रामेश्वरी चौहान पति प्रताप सिंह चौहान अपनी कोलाबाडी में बिक्री करने हेतु अवैध कच्ची महुआ शराब रखी है।

पुलिस ने इसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को देते हुए सहायक उपिनरीक्षक लाला राम खुटे एवं अन्य स्टाफ के ग्राम पहुंची। यहां रेड कीकार्यवाही करते हुए रामेश्वरी चौहान पति प्रताप सिंह चौहान उम्र 40 वर्ष के कब्जे से एक पीला रंग के 5 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जरीकेन में भरा हुआ एवं एक दो लीटर वाले पेप्सी बाटल में भरा हुआ लगभग 1.5 लीटर हाथ भटटी से बना कच्ची महुआ शराब जब्त किया। उसके पास कुल 6.5 लीटर शराब जब्त किया गया। आरोपिया के द्वारा जब्त शराब के संबंध में कोई वैद्य दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाने पर शराब को जप्त कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

रामनवमीं व अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने टास्क फोर्स समिति गठित

जशपुरनगर। कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल के मार्गदर्शन में जिले में बाल विवाह की पूर्णतः रोकथाम हेतु टास्क फोर्स का गठन किया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कार्यक्रम अधिकारी बीडी पटेल के निर्देश में बाल विवाह के प्रभावी रोकथाम के लिए विकासखण्ड स्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया गया है। 17 अप्रैल 2024 को रामनवमी एवं दिनांक 10 मई 2024 को अक्षय तृतीया है। इस दौरान बाल विवाह होने की संभावना हो देखते हुए समिति का गठन किया गया है।

जिले में कही पर भी बाल विवाह की सूचना मिलते ही टॉक्स फोर्स द्वारा बाल विवाह रोका जायेगा तथा बाल विवाह करने वाले परिवार को समझाईस दे कर बाल विवाह के दूष्परिणामों को बताया जायेगा। महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) परियोजना अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को सूचना दे सकते है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी चन्द्रशेखर यादव द्वारा बताया गया कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई ही नहीं अपितु कानूनन अपराध है। बाल विवाह से बच्चों के सर्वागीण विकास प्रभावित होता है। बाल विवाह रोक-थाम हेतु बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 लागू किया गया है। जिसमें लड़के की आयु 21 वर्ष एवं लड़की की आयु 18 वर्ष निर्धारित की गयी है। अधिनियम के तहत बाल विवाह करने वाले वर एवं वधु के माता पिता, सगे संबंधी, बाराती यहाँ तक कि विवाह कराने वाले पुरोहित पर भी कानूनी कार्यवाही किया जाना प्रावधानित है। अधिनियम के तहत 2 वर्ष के कठोर सश्रम कारावास तथा 1 लाख का जुर्माना अथवा दोनो से दण्डित किये जाने का प्रावधान है। चाईल्ड हेल्प लाईन 1098, आपातकालीन टोल फ्री नम्बर-112, महिला हेल्प लाईन नम्बर-181 एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी नम्बर-7489888808 पर बाल विवाह होने की सूचना दे सकते है।

राष्ट्रीय नेतृत्व का आदेश होगा तो ईवीएम भी तोड़ेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

भारत मुक्ति मोर्चा व बहुजन क्रांति मोर्चा की अगुवाई में सैकड़ों की संख्या में समर्थक कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने पहुंचे लोंगों का प्रतिनिधित्व कर रहे भारत मुक्ति मोर्चा के प्रांतीय अध्यक्ष रूप नारायण एक्का ने कहा कि हमारी संस्था पूरे भारत के 550 जिले में इस बाबत ज्ञापन सौंप रहे है, कि ईवीएम मशीन की जगह वैलेट पेपर के माध्यम से वोटिंग की जाए।

अगर हमारी बात नहीं सुनी गई तो राष्ट्रीय नेतृत्व के निंदेश पर हम आम जनता से अपील करेंगे कि वोंटिग करने जाने पर ईवीएम मशीन को पटक कर तोड़ दें। पूरे देश में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता लागू है। आचार संहिता लागू होने के वावजूद भी सैकड़ों की संख्या में कलेक्ट्रेट आकार ज्ञापन देना ही असंवैधानिक है। फिर कलेक्ट्रेट में आकर इस तरह की धमकी देना सरासर गलत है। इसके पहले भी जशपुर और कुनकुरी की आमसभा में असंवैधानिक और अमर्यादित बातें सामने आई थी। जशपुर के वशिष्ठ क्म्युनिटी हॉल में भारत मुक्ति मोर्चा का राष्ट्रीय नेतृत्व बावन मेश्राम ने असंवैधानिक और अमर्यादित बातें की थी।

अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते भारत मुक्ति मोर्चा व बहुतन क्रांति मोर्चा के सदस्य।

ईवीएम तोड़ने में कोई गुरेज नहीं करेंगे

हमने संवैधानिक तरीके से अपनी बात ऊपर तक पहुंचने की पूरी कोशिश की है, फिर भी हमारी बात नहीं सुनी गई तो शीर्ष नेतृत्व के आदेश पर ईवीएम मशीन तोड़ने की अपील करेंगे और तोड़ने में भी कोई गुरेज नहीं करेंगे।
-रूपनारायण एक्का, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष भारत मुक्ति मोर्चा

हाईकोर्ट के आदेश का पालन कराने की मांग

न्याय की गुहार लगाने विधायक के द्वार पहुंचे डीएलएड अभ्यर्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

अत्यंत ही मानसिक पीड़ा से गुजर रहे डीएलएड अभ्यर्थी न्याय की गुहार लगाने विधायक श्रीमती रायमुनी भगत के पास पहुंचे। यहां अभ्यर्थियों ने विधायक को विस्तार से अपनी पीड़ा बताते मांग की, कि छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक भर्ती 2023 डीएलएड व बीएड मामले में छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के फैसले का पालन करने और शीघ्र अति शीघ्र उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार बीएड धारी शिक्षकों की नियुक्ति निरस्त कर योग्य डीएलएड धारियों को 6 सप्ताह के भीतर नियुक्ति दिलाएं। सभी अभ्यर्थियों की व्यथा सुनने के बाद विधायक ने शिक्षा मंत्री के निज सचिव से दूरभाष पर कहा कि जल्द ही न्यायालय के आदेश का पालन करते उचित निर्णय लें।

रविवार की दोपहर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत के कार्यालय में भारी संख्या में डीएलएड अभ्यर्थी पहुंचे और विधायक को छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के फैसले के संबंध में जानकारी देते बताया कि उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार बीएड धारी शिक्षकों की नियुक्ति निरस्त कर योग्य डीएलएड धारियों की नियुक्ति किया जाना है, लेकिन आज पर्यंत तक हाई कोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया जा रहा जिससे वे मानसिक पीड़ा से गुजर रहे हैं। इस संबंध में विस्तार से जानकारी देते अभ्यर्थी जयंत कुमार सिंह ने बताया कि 04 मई 2023 को छत्तीसगढ़ शिक्षक भर्ती 2023 का विज्ञापन जारी किया गया था जिसमे सहायक शिक्षक पद हेतु डीएलएड के साथ बीएड को भी शामिल किया गया। जो कि असंवैधानिक था, जिसे डिप्लोमा धारियों ने छग उच्च न्यायालय में 30 मई 2023 को चुनौती दिया था (3541/2023) 1 (क्योंकि बीएड को सहायक शिक्षक हेतु शामिल करने वाली एनसीटीई के 28/06/2018 की अधिसूचना को राजस्थान उच्च न्यायालय ने 25/11/2021 को रद्द कर दिया था।

छग में भर्ती प्रति प्रक्रिया के बीच में सुप्रीम कोर्ट का भी ऑर्डर 11 अगस्त 2023 को नियुक्ति पूर्व आ गया, जिसमे राजस्थान के फैसले को सही ठहराया गया और सहायक शिक्षक पद पर बीएड धारियों नियुक्ति को संविधान के अनु. 21 ए का उलंघन बताते हुए असंवैधानिक बताया। (राजस्थान उच्च न्यायालय के फैसले को सुप्रीम कोर्ट चुनौती दिया गया था, जिस पर बिना स्टे का मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित था और जनवरी 2023 में मामलों को सुनकर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। इसी आधार पर छग उच्च न्यायालय में हमने एक और याचिका 5788/2023 दायर की, जिसपर 21 अगस्त को सुनवाई करते हुए, बीएड को सहायक शिक्षक पद से बाहर कर केवल डीएलएड धारियों की काउंसलिंग कराने का अंतरिम आदेश दिया गया। तत्कालीन परिस्थिति तब उत्पन्न होती है, जब छग बीएड छग उच्च न्यायालय के फैसले जिसमे बीएड को बाहर करने का अंतरिम राहत मिली थी पर सुप्रीम कोर्ट से 29 अगस्त 2023 को स्टे ऑर्डर ले आते हैं, जिसमे बीएड को इस शर्त पर शामिल करने का निर्देश दिया जाता है कि उनकी नियुक्ति छग उच्च न्यायालय के 5788/2023 और संलग्न मामलों के अंतिम फैसले के अधीन होगी, जिसे छग उच्च न्यायालय गुण दोष के आधार पर तय करेगी, साथ ही बीएड धारियों की नित्पयुक्ति प्रपत्र में इस बात का उल्लेख भी करने का निर्देश दिया गया था। तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने न्यायालय के फैसले का राजनीतिक लाभ देखते हुए बिना हाईकोर्ट के अंतिम फैसले का इंतजार किए नियुक्ति प्रक्रिया आगे बढ़ा दी। यह जानते हुए भी,कि भविष्य में यह काफी विवाद का मुद्दा बनेगा, जबकि कांग्रेस सरकार चाहती तो छग उच्च न्यायालय में शीघ्र सुनवाई कराकर मामले को सुलझा सकती थी। इस प्रकार छग उच्च न्यायालय में 8 महीने की लंबी लड़ाई चलती है, इन 8 महीनों में बेरोजगार योग्य डीएलएड धारी आर्थिक तंगी के बावजूद कर्ज लेकर, अपने अधिकार की वस्तुएं गिरवी रख कर छग उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय में अधिकार की लड़ाई लड़ी। जबकि प्रतिवादी बीएड पक्ष अयोग्यता के बावजूद नौकरी में बने रहकर वेतन के पैसे से लड़ाई लड़ रही थी, अंततः 02 अप्रैल 2024 को सभी संलग्न मामलों पर अंतिम फैसला आता है, जिसमे बीएड धारियों की नियुक्ति असंवैधानिक घोषित करते हुए पूर्व के समस्त नियुक्ति को निरस्त कर दिया जाता है साथ ही सरकार को निर्देश दिया जाता है कि आदेश जारी करने के 6 सप्ताह के भीतर बीएड अभर्थियों को बाहर करते हुए योग्य डीएल एड धारियों की नई चयन सूची तैयार कर नियुक्ति प्रदान करे, साथ ही 08 अप्रैल 2024 को मप्र और अन्य राज्यों के द्वारा 11 अगस्त 2023 के फैसले पर क्लियरीफिकेशन व मोडिफिकेशन याचिका पर सुनवाई करते हुए आदेश जारी किया गया।

विधायक रायमुनी भगत को ज्ञापन सौंपते अभ्यर्थी।

सजगता एवं सक्रियता पूर्वक करें कार्य

जांजगीर-चांपा। व्यय प्रेक्षक ने निर्वाचन व्यय लेखा मॉनिटरिंग दलों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने सभी से आपसी समन्वय कर दायित्व के साथ सजगता पूर्वक करने के निर्देश दिए। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र जांजगीर चांपा के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक पवन कुमार ने निर्वाचन व्यय लेखा मॉनिटरिंग दलों की बैठक लेकर सभी को आपसी समन्वय कर दायित्व के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। व्यय प्रेक्षक श्री कुमार ने निर्वाचन व्यय (इलेक्शन एक्सपेंडिचर) पर विस्तारपूर्वक चर्चा किया और कहा कि एईओ का दायित्व सम्पूर्ण एकाउंटिंग टीम की व्यवस्था को सुनिश्चित करना है। उन्होंने वीएसटी, एफएसटी, एसएसटी की तैनाती के संबंध में जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। व्यय प्रेक्षक श्री कुमार ने मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति को पेड न्यूज व विज्ञापन पर सतत निगरानी रखे जाने कहा। बैठक में उन्होंने सभी एकाउंटिंग दलों से डाटा संधारण की जानकारी, कंट्रोल रूम, कॉल सेंटर, एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी, वीवीटी की स्थिति इत्यादि की विस्तृत जानकारी ली। बैठक में जिला स्तर पर सामग्रियों के दर निर्धारण के अनुरूप सभी प्रत्याशियों के निर्वाचन व्यय का संधारण, ईएमएस की प्रक्रिया आदि के बारे में चर्चा किया गया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ गोकुल कुमार रावटे, सहायक व्यय पर्यवेक्षक, वीडियो निगरानी दल, लेखा टीम सहित संबंधित विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

रजनीकांत के साथ काम करेंगे रणवीर

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह, दक्षिण भारतीय सिनेमा के महानायक रजनीकांत के साथ काम करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि रजनीकांत ,लोकेश कनगराज के निर्देशन में बनने वाली फिल्म थलाइवी 171 में काम करेंगे। इस फिल्म में रजनीकांत सोने की तस्करी करने वाले गैंगस्टर की भूमिका में होंगे। चर्चा है कि रणवीर सिंह भी इस फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। इस फिल्म के लिये रणवीर सिंह से संपर्क किया गया है। यदि सब कुछ सही रहा तो रणवीर सिंह पहली बार रजनीकांत के साथ काम करेंगे।

लाइफ Style

जाह्नवी कपूर

'उलझ' से दर्शकों को बनाएंगी मुरीद

जाह्नवी कपूर आने वाले दिनों में कई फिल्मों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगी। अब जाह्नवी की फिल्म 'उलझ' की रिलीज तारीख से भी पर्दा हट चुका है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रिपोर्ट के मुताबिक, इस थ्रिलर फिल्म की शूटिंग बीते साल सितंबर में पूरी हुई थी और निर्माताओं ने इसकी रिलीज तारीख 5 जुलाई तय की है। फिल्म में जाह्नवी को गुलशन देवैया और रोशन मैथ्यू का साथ मिला है। चर्चा है कि यह देशभक्ति पर आधारित होगी, वहीं जाह्नवी इसमें जान्हवी एक भारतीय विदेश सेवा अधिकारी की भूमिका निभा रही हैं। फिल्म की ज्यादातर शूटिंग लंदन में हुई है।

कुछ समय पहले फिल्म से जान्हवी की पहली झलक सामने आई थी, जिसमें वह साड़ी में काफी शानदार लग रही थीं। इसकी कहानी एक ऐसे देशभक्त परिवार की है, जो खतरनाक साजिश में उलझ जाता है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता सुधांशु सरिया के निर्देशन में बन रही 'उलझ' को लेकर खुद जाह्नवी भी बेहद उत्साहित हैं। जाह्नवी कहती हैं, मैंने इस अनुभव के जरिए बहुत कुछ सीखा है। फिल्म में शामिल हर व्यक्ति ने इस पर अपनी जी-जान लगा दी, जिन्हें देख मुझे बड़ी प्रेरणा मिलती है। यह देखना आश्चर्यजनक था कि हर कोई कितना भावुक था और कितना ऊर्जावान था। सब कुछ बड़ा मजेदार था।

हॉलीवुड मसाला

कोरियाई गायक पार्क बो-रैम का निधन

लॉस एंजिलस। कोरियन सिनेमा की पॉप गायिका पार्क बो-रैम का निधन हो गया है। उन्होंने महज 30 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जब पार्क का निधन हुआ, उस वक्त वह अपनी एक दोस्त के घर पार्टी कर रही थी। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि वह पार्टी के बीच में बाथरूम गईं, लेकिन बहुत देर तक वापस नहीं लौटीं। एक दोस्त ने जाकर देखा तो वह बेहोश मिलीं, जिसके बाद उन्हें तुरंत हन्यांग यूनिवर्सिटी गुरी अस्पताल में भर्ती किया गया, लेकिन वहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

इजराइली अभिनेता ने गाया 'तुझे देखा तो ये जाना सनम' गाना

लॉस एंजिलस। इजराइली अभिनेता त्साही हलेवी का एक वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में त्याही को शाहरुख खान और काजोल की फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' का सुपरहिट गाना 'तुझे देखा तो ये जाना सनम' गाते हुए देखा जा सकता है। इस वीडियो पर प्रशंसक खूब प्यार लुटा रहे हैं। त्साही को 2013 में आई फिल्म 'बेतलेहेम' से अभिनय की दुनिया में कदम रखा था। वह अब तक 'डोमिनोज स्ट्रीट', 'माई नेम इज क्लेयर', 'मोसाद' और 'द एंजल' जैसी फिल्मों में नजर आ चुके हैं। उन्होंने नुसरत भरूचा की फिल्म 'अकेली' के जरिए बॉलीवुड में कदम रखा था। ये फिल्म बीते साल 2023 में 25 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म को दर्शकों की खूब सराहना मिली थी। त्साही ने फिल्म में बेहद अहम किरदार निभाया था। त्साही ने इस गाने को गाकर लोगों का दिल छू लिया है।

पायल कपाड़िया की 'ऑल वी... लाइट' का चयन

मुंबई। पायल कपाड़िया की 'ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट' को 2024 के कान्स फिल्म फेस्टिवल के लिए चुना गया है। गत दिवस इस फेस्टिवल को आयोजकों ने घोषणा की गई। कान्स फिल्म फेस्टिवल के सर्वोच्च सम्मान 'पाल्मे डी'ओर' की रेस में आखिरी भारतीय फिल्म 1983 में आई मृणाल सेन की 'खारिज' थी। बता दें कि 30 साल बाद इस फेस्टिवल के लिए किसी भारतीय फिल्म को चुना गया है। कान्स फिल्म फेस्टिवल का आयोजन 14 से 25 मई तक होगा। नर्स के जीवन पर आधारित है कहानी 'ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट' की कहानी एक नर्स की कहानी है, जिसका नाम प्रभा है। उसे लंबे समय से अलग रह रहे अपने पति से एक चौंका देने वाला उपहार मिलता है, जिससे उनका जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है।



विधु विनोद चोपड़ा ने किया नई फिल्म का ऐलान

मुंबई। विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म '12वीं फेल' 2023 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक है। आईपीएस अधिकारी मनोज शर्मा की जिंदगी पर बनी इस फिल्म में विक्रांत मैसी मुख्य भूमिका में नजर आए। अब विनोद ने अपनी नई फिल्म का ऐलान कर दिया है, जिसका नाम 'जीरो से रीस्टार्ट' का ऐलान कर दिया है। इस फिल्म का कलेन्शन फिल्म '12वीं फेल' से होगा। चर्चा है कि 'जीरो से रीस्टार्ट' ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। फिलहाल इस खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। बता दें, 'जीरो से रीस्टार्ट' को रिलीज हुए 25 सप्ताह बीत चुके हैं। रिपोर्ट के अनुसार, विनोद अपनी आगामी फिल्म 'जीरो से रीस्टार्ट' में '12वीं फेल' बनने के पीछे की कहानी से दर्शकों को रूबरू करवाएंगे।

टीवी मसाला

अरे ये क्या हो रहा है! रावण के महल में मुकुट पहने सीता

मुंबई। साल 1987 में आई रामानंद सागर की 'रामायण' को लोगों का जितना प्यार मिला अब शायद ही किसी और शो को मिल सकेगा। इस शो में अरुण गोविल भगवान राम और दीपिका चिखलिया माता सीता के रोल में नजर आई थीं। इस शो के बाद दोनों की पॉपुलैरिटी इस कदर बढ़ी की लोग इन्हें असल भगवान समझने लगे थे। इस शो में वाल्मीकि रामायण, तुलसीदास की रामचरितमानस और कंब रामयण से अंश लिए गए थे। शो में कुछ भी मिर्च मसाला लगाकर नहीं दिखाया गया था। यही वजह रही कि लोग इससे इस कदर जुड़ सके। अब हाल में ही टीवी पर 'श्रीमद रामायण' नाम का शो शुरू हुआ है। इस शो को शुरुआत में तो लोगों ने पसंद किया, लेकिन अब ट्रोल किया जा रहा है।

क्या है रीसेंट ट्रैक

'रामायण' की तर्ज पर 'श्रीमद रामायण' को साल 2024 की शुरुआत के साथ ही शुरू किया गया। इस शो का खूब प्रमोशन किया गया, जिसके चलते शुरू से ही शो को अच्छा रिस्पॉन्स मिलने लगा। लोगों ने शो के लिए की गई कास्टिंग को भी काफी पसंद किया। लंबे समय तक शो में सब कुछ ठीक चला, लेकिन फिर एक ऐसा मोड़ आया जिसके बाद फैंस को धक्का लगा और शो को ट्रोल करना शुरू कर दिया गया।

सीताहरण के बाद भड़का आक्रोश

'रामायण' की तर्ज पर 'श्रीमद रामायण' में भी सीताहरण का दृश्य दिखाया गया है लेकिन इस दृश्य को जिस तरह से पेश किया गया है उससे लोगों की भावनाएं आहत हो गईं हैं। ये मोड़ सीता हरण के सीन के बाद आया है, जिसे देख दर्शकों को लगा कि मेकर्स रास्ता भटक गए हैं। हालिया ट्रैक के अनुसार रावण सीता को लंका में ले आया है। वहीं राम और लक्ष्मण उनकी खोज में लगे दिखाए जा रहे हैं।

गलत दिखाया जा रहा सीन

सीता हरण के बाद मेकर्स ने कई फैक्ट्स के साथ छेड़छाड़ कर दी है, जिसकी वजह से दर्शकों का सिर घूम रहा है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार सीता कभी रावण के महल के अंदर नहीं गईं, वो हमेशा अशोक वाटिका में ही रहीं और रावण ने उन्हें कभी बुरी नजर से नहीं देखा, लेकिन शो के हालिया एपिसोड में माता सीता का किरदार रावण के महल में दिखाया गया, जो वो रावण से जिरह करता दिखा। इस दौरान सीता के सिर पर मुकुट भी नजर आ रहा है। एक ओर वो भगवा वस्त्र में हैं, वहीं दूसरी ओर उनके माथे पर छोटा मुकुट भी है। अब यही देख फैंस बड़क गए हैं।

'सिंघम अगेन' और 'पुष्पा 2' का नहीं होगा आमना-सामना

मुंबई। अल्लू अर्जुन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'पुष्पाः द रूल' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 15 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म सामना रोहित शेट्टी के निर्देशन में बन रही फिल्म 'सिंघम अगेन' से होने वाला है, लेकिन अब ऐसा लगा रहा है कि दर्शकों को 'सिंघम अगेन' के लिए लंबा इंतजार करना होगा। नई खबर के मुताबिक, 'सिंघम अगेन' और 'पुष्पा 2' के बीच कोई टकराव नहीं होगा।

फिल्म दिवाली में होगी रिलीज

एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'सिंघम अगेन' की रिलीज तारीख को टाल दिया गया है। रोहित इस फिल्म को दिवाली, 2024 पर रिलीज करने का विचार कर रहे हैं। अब 'सिंघम अगेन' का 'पुष्पा 2' से टकराव नहीं होगा। फिलहाल फिल्म अपने आखिरी चरण में है। निर्माता कोई जल्दबाजी नहीं करना चाहते।

बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शुमार है 'सिंघम अगेन'

'सिंघम अगेन' इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शुमार है। रणवीर सिंह से लेकर अजय देवगन, अर्जुन कपूर, दीपिका पादुकोण और करीना कपूर तक की झलक फिल्म से सामने आ चुकी थी। रोहित के कॉप यूनिवर्स की शुरुआत अजय के साथ 2011 में आई फिल्म 'सिंघम' से हुई थी। इसके बाद 2014 में अजय की 'सिंघम रिटर्न्स', 2018 में रणवीर की 'सिम्बा' और 2020 में अक्षय कुमार की 'सूर्यवंशी' के साथ यूनिवर्स बड़ा होता चला गया।

अल्लू अर्जुन ने जथारा अवतार में साड़ी पहनकर मचाया धमाल

मुंबई। 'पुष्पा द राइज' से धमाल मचाने के बाद दर्शकों को इसके दूसरे पार्ट 'पुष्पा 2 द रूल' का बेसब्री से इंतजार है। सुपरस्टार अल्लू अर्जुन ने अपने बर्थडे के मौके पर फैंस को बड़ा तोहफा दे दिया है और 'पुष्पा 2' की झलक रिलीज हो चुकी है। फिल्म का टीजर सामने आ चुका है जिसने आते ही इंटरनेट पर धमाल मचा दिया है। फिल्म का टीजर 1 मिनट 8 सेकंड का है, जिसमें विजुअल, कलर्स और बैकग्राउंड कमाल का है। बता दें कि यह हिंदू आदिवासी देवियों के सम्मान में मनाया जाने वाला एक त्यौहार है। इसे तेलंगाना राज्य में मनाया जाता है।

पैरों में घुंघरू, कान में झुमके, हाथ में त्रिशूल

टीजर वीडियो में अल्लू अर्जुन का अवतार बहुत ही शानदार दिखाई दे रहा है। उन्होंने अपने पैरों में घुंघरू, कान में झुमके आंखों में काजल लगाया हुआ है। साड़ी पहने हुए वह हाथों में त्रिशूल लेकर दुश्मनों से लड़ाई कर रहे हैं। हमेशा की तरह इस बार भी वह अकेले ही सब पर भारी पड़ रहे हैं। उनके दमदार एक्शन को देखकर फैंस हैरान हो गए हैं।

कहानी में आएगा बदलाव

फिल्म 'पुष्पा' में लाल चंदन की तस्करी की कहानी दिखाई गई थी। इसके साथ पुष्पा और श्रीवल्ली की लव स्टोरी को भी ऐड किया गया था। फिल्म में फैमिली ड्रामा भी भरपूर दिया गया था। जब पुष्पा, श्रीवल्ली से शादी करने जाता है। इसके पहले उसकी शेखावत यानी कि फहाद फाजिल के साथ जुबानी जंग होती है। यह जुबानी जंग अब फिल्म के दूसरे हिस्से में असली जंग में बदलती हुई दिखाई देगी।

एक ही नाम से बनीं ये फिल्में, कोई हिट हुई तो कोई फ्लॉप

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड में हर साल तमाम फिल्में बनती हैं। कुछ के नाम बड़े दिलचस्प होते हैं तो कुछ ऐसी होती हैं, जिनके नाम पुरानी फिल्मों से मेल खाते हैं। दरअसल, इन दिनों अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' बड़ी चर्चा में है। इसी नाम की एक फिल्म 1998 में रिलीज हुई थी, जिसमें अमिताभ बच्चन और गोविंदा मुख्य भूमिका में थे। आज हम जानेंगे उन फिल्मों के बारे में, जिनके नाम एक जैसे हैं।

'कुली नंबर 1'

सबसे पहले बात करते हैं फिल्म 'कुली नंबर वन' की। 1995 में आई गोविंदा और करिश्मा कपूर की फिल्म 'कुली नंबर 1' ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। उधर 2020 में आई वरुण धवन और सारा अली खान की फिल्म 'कुली नंबर 1', लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर फेल हो गई। यह फिल्म डिज्नी+ हॉटस्टार और अमेजन प्राइम वीडियो पर देखी जा सकती है।

'जंजीर'

सन् 1973 में रिलीज हुई महानायक अमिताभ बच्चन की फिल्म 'जंजीर' बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई। इस फिल्म के जरिए बिग बी इंडस्ट्री में सुपरस्टार के रूप में उभरे थे। दूसरी ओर साल 2013 में इस फिल्म का रीमेक बना, जिसमें मुख्य किरदार साउथ सुपरस्टार राम चरण ने निभाया था और फिल्म की हीरोइन प्रियंका चोपड़ा थीं। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ढेर हो गई थी। इसे अमेजन प्राइम वीडियो पर देखा जा सकता है।

'बागी'

टाइगर श्रॉफ और श्रद्धा कपूर की फिल्म 'बागी' का नाम तो आपने सुना ही होगा। यह फिल्म 2016 में रिलीज हुई थी और बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। यह फिल्म नेटफ्लिक्स, जी5 और अमेजन प्राइम वीडियो पर है। 1990 में भी इसी नाम पर एक फिल्म बन चुकी है। उस फिल्म में सलमान खान और नगमा ने मुख्य भूमिका अदा की थी। फिल्म का निर्देशन दीपक शिवदसानी ने किया था। यह एक रोमांटिक फिल्म थी।

'एजेंट विनोद' और 'दिलवाले'

'एजेंट विनोद' नाम से पहली बार फिल्म साल 2012 में रिलीज हुई थी। इसमें सैफ अली खान और करीना कपूर ने मुख्य किरदार निभाया था। यूट्यूब पर यह फिल्म मौजूद है। उधर इसी नाम से एक जासूसी फिल्म 1977 में बनी थी। दूसरी तरफ नेटफ्लिक्स और यूट्यूब पर मौजूद फिल्म दिलवाले पहली बार 1994 में बनी थी, जिसमें अजय देवगन मुख्य भूमिका में थे। इसके बाद 2015 में इसी नाम से बनी फिल्म के हीरो शाहरुख खान थे।

खबर संक्षेप

सकालो स्कूल में 12 दिवसीय समर कैम्प की शुरूआत

अम्बिकापुर। कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक विलास भोस्कर संदीपान के निर्देशन में वार्षिक परीक्षा उपरांत पूर्व माध्यामिक शाला सकालों में बच्चों के विभिन्न कौशलों के विकास हेतु 12 दिवसीय समर कैम्प शनिवार को प्रारम्भ किया गया। कैम्प की शुरूआत समग्र शिक्षा अभियान के जिला मिशन समन्वयक रविशंकर त्रिपाठी ने की। इस दौरान एबीईओ बीडी सिंह, बीआरसी संजीव भारती, सीएसी विरेष बैरागी के विद्यालयों के प्रधानपाठक तथा बच्चे उपस्थित थें। समर कैम्प में बच्चों को आर्ट एण्ड क्राफ्ट, ड्राईंग एवं पेंटिं, मेहंदी लगाना, कार्ड मेकिंग, मिट्टी के खिलौने एवं मूर्ति निर्माण, फायरलेस कुकिंग, कम्प्यूटर, व्यक्तिगत स्वच्छता, फर्स्ट एड, म्यूजिक डांस, योगा, इनडोर आउटडोर गेम्स में दक्ष किया जायेगा। इस अवसर पर डीएमसी श्री तिवारी ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए परीक्षा उपरांत उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़े रखने तथा उनमें कल्पनाशीलता, रचनात्मकता एवं क्रियाशीलता के विकास हेतु विद्यालयों में समर कैम्प आयोजित किया जा रहा है। शिक्षक एवं बच्चे इसमें काफी रूचि ले रहे है। इन कौशलों के विकास से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ेगा। एबीईओ बीडी सिंह एवं बीआरसी संजीव भारती ने भी बच्चों को संबोधित किया। अजीम प्रेमजी फाउण्डेशन के श्री आलोक ने बच्चों व शिक्षकों का मार्गदर्शन किया।

समर कैंप के लिए संकुल स्तर पर शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

अंबिकापुर। शिक्षकों के लिए संकुल स्तरीय समर कैंप प्रशिक्षण का आयोजन हाई स्कूल करेया में संकुल प्राचार्य काकुली गांगुली एवं संकुल समन्वयक निरंजन विश्वास की उपस्थिति में मास्टर ट्रेनर अजीम प्रेमजी फाउंडेशन सुजीत कुमार द्वारा किया गया। बता दें कि परीक्षा उपरान्त शासन के निर्देश पर सभी शालाओं में बच्चों को खेल खेल भाषा गणित व अन्य विषयों में दक्षता, समूह कार्य, सृजनात्मकता, नेतृत्व क्षमता के लिए समर कैंप का आयोजन किया जाना है। बच्चों में चार्ट पेपर, समाचार पत्र, पत्तियां, मिट्टी, कलर से विभिन्न आकृति एवं चित्रकारी आदि कराकर बच्चों को सृजनात्मक कार्य से जोड़ते हुए व्यावहारिक कौशल को बढ़ावा देना मुख्य रूप से शामिल है। संकुल समन्वयक निरंजन विश्वास ने बताया कि समर कैंप के माध्यम से विद्यालय एवं समुदाय के बीच परस्पर संबंध को बढ़ावा मिलेगा क्योंकि परीक्षा उपरांत भी बच्चे विद्यालय में आकर 10 से 12 दिनों का समर कैंप में भाग ले रहे होंगे और अपने आसपास के बच्चों को सिखाने एवं विद्यालय से जोड़ने के लिए प्रेरित करेंगे। समर कैंप के अंतिम दिन अभिभावकों को बुलाकर एक प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी जिसमें बच्चों के रचनात्मक कार्यों को प्रदर्शित करने के उपरांत बच्चों को उनके कार्यों को अभिव्यक्त करने का मौका दिया जाएगा। इस दौरान जीवनधारी सिंह, अजय कुमार केरकेट्टा, ललन प्रताप कुशवाहा, शाहिद अंसारी, एफ्रेम मिंज, राजन बखला, नंदलाल राजवाड़े, मिली कुमारी तिर्की, विनीता मिंज, भारती साहू, मुनिका सिंह, नर्सपति सिंह, गीता अग्रवाल, शकुंतला बेहरा आदि शिक्षक उपस्थित थे।

विकसित भारत की परिकल्पना विषय पर हुई परिचर्चा

अम्बिकापुर। होटल सरगवां पैलेस में अप्रवासी भारतीय व ओवरसीज फ्रेंड ऑफ बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष चंद्रकांत पटेल, पूर्व कैबिनेट मंत्री व बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, संभागीय संगठन प्रभारी राजा पाण्डेय, जिलाध्यक्ष ललनप्रताप सिंह, पूर्व ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सोनी के आतिथ्य तथा सीए एचएस जायसवाल के संयोजन में विकसित भारत 2047 की परिकल्पना विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई।

पेज 1 का शेष

माइक्रो आर्ब्जवर का ...

करते हुए अपने पर्यवेक्षक को प्रस्तुत करेंगे। उन्हें सामग्री वितरण केन्द्र पर अपना प्रतिवेदन पर्यवेक्षक को सौपना चाहिए। यदि माईक्रो आर्ब्जवर को एक ही स्थान पर एक से अधिक मतदान केन्द्र आवंटित हों तो उन्हें बारी-बारी से सभी मतदान केन्द्रों पर घूमते रहना चाहिए और नजर रखनी चाहिए। माइक्रो आर्ब्जवर को मॉक पोल का संचालन, मतदान प्रारंभ और बंद होने का समय, मतदाताओं के मतदान केन्द्र में आने और जाने की व्यवस्था, मतदाता रजिस्टर की प्रविष्ठियां, मतदाताओं के पहचान की व्यवस्था, एएसडी की सूची, मतदाताओं द्वारा गोपनीयता का अनुपालन, मतदान अभिकर्ताओं की गतिविधियां, वे कुछ अवांछित न कर रहें हों, मतदान अभिकर्ताओं की शिकायतें यदि वे करते हैं। माइक्रो आर्ब्जवर को पूरी मतदान प्रक्रिया की निगरानी करनी होती है, इसलिए उन्हें इस प्रक्रिया की गहरी जानकारी होना आवश्यक है। मतदान प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं की जानकारी, ईवीएम की कार्य प्रणाली की जानकारी होनी चाहिए।

देवी मंदिरों में ...

के लोगों में भी उत्साह भक्तिभाव के साथ रहता है। जिले के गांव में स्थित देवल्ला में जवारा बोया गया है, जहां पर शाम ढलने के साथ ही भक्तजन देवला केपास पहुंचते हैं और देर रात्रि तक भक्ति भजन का कार्यक्रम चलता रहता है। इस दौरान कई श्रद्धालुओं पर देवी भी सवार हो जाती है और वे झूमने लगते हैं। इस तरह ग्रामीण क्षेत्रों में देवी भक्ति का रोमांचक नजारा देखने को मिलता है।

नवरात्रि पर मंदिरों में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

महाष्टमी आज : मंदिरों में होगी मां महागौरी की आराधना

जिले के सभी मंदिरों में नवरात्रि का उत्साह चरम पर है। सभी दुर्गा मंदिरों में माता की महाआरती हुई। नवरात्र के सातवें दिन शीतला माता की मढ़िया में लोग महाआरती में शामिल हुए। इस दिन महाशक्ति मां दुर्गा के सातवें स्वरूप कालरात्रि की पूजा की गई। माना जाता है कि मां कालरात्रि की पूजा करने से काल का नाश होता है। इसी वजह से मां के इस रूप को कालरात्रि कहा जाता है।

मां दुर्गा की महाआरती में शामिल श्रद्धालु महिलाएं, पुरूष।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

इस संबंध में विद्वानों के अनुसार असुरों के राजा रक्तबीज का वध करने के लिए देवी दुर्गा ने अपने तेज से इन्हें उत्पन्न किया था, इनकी पूजा शुभ फलदायी होने के कारण माता को शुभंकारी भी कहते हैं। सोमवार को शहर के मंदिरों सहित आसपास के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं ने सुबह से पूजा-अर्चना शुरू कर दी।

इस दौरान मंदिरों में भक्तों की लंबी-लंबी कतारें लगी नजर आई। शहर के मां काली माता मंदिर, गायत्री मंदिर,शीतला मां की मढ़िया सहित विभिन्न मंदिरों में विधि-विधान से पूजा की गई। सोमवार को मंदिरों एवं घरों में साधकों ने मन सहस्त्रार चक्र को विराजमान कर पूजा किया। इस चक्र के बनने से ब्रह्मांड की समस्त सिद्धियों का द्वार खुलने लगता है। मां कालरात्रि का स्वरूप देखने में अत्यंत भयानक है, लेकिन ये सदैव शुभ फल ही देने वाली हैं। देवी कालरात्रि का शरीर रात के अंधकार की तरह काला है, इनके बाल बिखरे हुए हैं और इनके गले में विद्युत की माला है। इनके चार हाथ है, जिसमें इन्होंने एक हाथ में कटार तथा एक हाथ में लोहे कांटा धारण किया हुआ है, इसके अलावा इनके दो हाथ वर मुद्रा और अभय मुद्रा में है। इनके तीन नेत्र हैं और इनके श्वास से अग्नि निकलती है। कालरात्रि का वाहन गर्दभ (गधा) है। आज मंगलवार को मां के आठवें स्वरूप महागौरी की आराधना व पूजा-अर्चना की जाएगी। बुधवार को रामनवमी है। रामनवमी के दिन मां के नौवें स्वरूप सिद्धिदात्री की आराधना एवं पूजा-अर्चना की जाएगी। शीतला मंदिर से मुख्य बाजार में नवरात्रि के सातवें दिन महाआरती में शामिल हुए श्रद्धालु।

जसगीत में शामिल महिलाएं।

कल नवमी पर मां के सिद्धिदात्री स्वरूप की पूजा

नवमी के दिन मां के सिद्धिरूप की पूजा की जाएगी। मां दुर्गा के इसी रूप को शतावरी और नारायणी भी कहते हैं। नवदुर्गाओं में मां सिद्धिदात्री अंतिम हैं। सिद्धिदात्री का जो मनुष्य नियमपूर्वक सेवन करता है, उसके सभी कष्ट स्वयं ही दूर हो जाते हैं। वहीं शहर में बुधवार को रामनवमीं के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकालने की तैयारियां भी चल रही हैं। शीतला माता के मंदिर में सोमवार को चैत्र नवरात्रि के सप्तमी पर मां कालरात्रि की महाआरती हुई। इस अवसर पर शहर के सैकड़ों श्रद्धालु महाआरती पर शामिल हुए व प्रसाद ग्रहण किया। आज कई मंदिरों में महाअष्टमी पर हवन-पूजन किया जाएगा। वहीं नवमी के दिन कन्याभोज के साथ विशाल भंडारा होगा।

आठवीं शक्ति का नाम महागौरी

मां दुर्गा की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है। इस संबंध में पंडित चंदन महाराज ने बताया कि महागौरी ने देवी पार्वती रूप में भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की थी। इस कठोर तपस्या के कारण इनका शरीर काला पड़ गया, इनकी तपस्या से प्रसन्न और संतुष्ट होकर जब भगवान शिव ने इनके शरीर को गंगा जी के पवित्र जल से मलकर धोया, तब वह विद्युत प्रभा के समान अत्यंत कांतिमान गौर हो उठा, तभी से इनका नाम महागौरी पड़ा।

शपथ लेते योगकर्ता।

शहर के योगकर्ताओं ने ली मतदान करने की शपथ

मनेन्द्रगढ़। 7 मई को जिले में लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान किया जाना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी.राहुल वेंकट के मार्गदर्शन में जिला मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन गांव, नगर, कस्बों मजरा टोला में किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शहर के प्रचलित योगा समूह जो की सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल प्रांगण में नियमित रूप से प्रातः काल स्वस्थ जीवन के लिए किया जाता है, इसी समूह के सदस्यों के द्वारा योग समाप्ति पश्चात स्वस्थ समाज एवं समृद्ध देश के लिए मतदान करने एवं ज्यादा से ज्यादा मतदान कराने के लिए शपथ ली गई। योग प्रशिक्षक सतीश उपाध्याय ने समाज को यह संदेश दिया कि मनुष्य जीवन और स्वस्थ जीवन समृद्धि का निर्माण करते हैं, ठीक उसी प्रकार एक-एक मतदाता बिना प्रलोभन, भय एवं धर्म वंश जाति भाषा से प्रभावित हुए बिना जब स्वच्छ मतदान करता है,तब समृद्ध और विकसित राष्ट की परिकल्पना साकार रूप लेती है। प्रशिक्षक सतीश उपाध्याय ने कहा कि मतदाता जो भी अपनी अंगुली में वोट करने के बाद अपनी उंगली में अमिट स्याही दिखाएंगे, उन्हें निःशुल्क योग प्रशिक्षण प्रदाय किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक सतीश उपाध्याय, जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के जिला समन्यक राजेश जैन के साथ कविता मगतानी, बलबीर कौर, नीलम दुबे, राकेश अग्रवाल सहित काफी संख्या में महिला-पुरुष योगकर्ता उपस्थित रहे।

छात्राओं ने झुमका डेम में मत्स्य पालन का किया अध्ययन

छात्राओं ने मत्स्य पालन का किया अध्ययन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर की प्राचार्य डॉ.रंजना नीलिमा कच्छप के निर्देशन एवं श्रीमती दीपशिखा शर्मा, श्रीमती सविता पैकरा के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के एमएससी प्राणीशास्त्र द्वितीय सेमेस्टर की 22 छात्राओं ने 12 अप्रैल को ग्राम सागरपुर के फार्महाउस झुमका डेम में फिश एक्वेरियम का भ्रमण कर निरीक्षण किया।

इन छात्राओं ने एमएससी प्राणीशास्त्र द्वितीय सेमेस्टर पाठ्यक्रम के अनुसार चतुर्थ प्रश्न-पत्र में सोशल आउटरिच एवं स्किल डेवलपमेंट के अंतर्गत लघु शोध कार्य के लिए झुमका डेम में एक्वेरियम की जानकारी ली, इसमें राम नारायण राजवाड़े एवं अनूप राजवाड़े के माध्यम से जानकारी दी गई। इस एक्वेरियम में चार प्रकार की फिश स्पीशिज, जिसमें कॉमन फिश, टेंगरा फिश, तिलापिया फिश, गोल्ड फिश व कछुए का पालन किया जाता है। इसमें उन्हें फिश फुड के बारे में जानकारी दी गई एवं समय-समय पर फिश एक्वेरियम में सफाई की जानकारी दी गई। इसमें मछलियों के खाने का समय सुबह 10 से शाम में 6 बजे तक के बारे में बताया गया, विद्यार्थियों ने झुमका डेम में जलीय विविधता व उसमें पाए जाने वाले प्राणियों का अध्ययन किया।

बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

प्रतिवर्ष की भॉति इस वर्ष भी 14 अप्रैल को सर्वआदिवासी भवन पोड़ी बचरा में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर जी के 133 वीं जयंती एवं महात्मा ज्योतिबाफुले जी के जयंती एक साथ मनाया गया। इस दौरान डॉ. अम्बेडकर के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण कर आदिवासी नीरा सिंह कुसरो के द्वारा संविधान के प्रस्तावना का वाचन कराया गया, इसके पश्चात बाबा साहब के संघर्ष जीवनी पर प्रकाश डाला गया।

इसमें कैलाश यादव, विजेन्द्र साहू, मधुसूदन साहू, नारायण साहू, महेश साहू, नारायण खरे, खुर्शीद अंसारी, विजय सिंह ठाकुर, वक्ताओं के द्वारा संविधान के विभिन्न अनुच्छेदों की जानकारी दी गई एवं सीपी पैकरा,सर्वजीत सिंह, जीएस पैकरा, गनपत, डॉ.आरपी सिंह, गीता खलखो, सुषमा पैकरा के द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले जी के जीवनी पर प्रकाश डाला गया और उनके सामाजिक कार्यों का उल्लेख किया गया। आयोजन में सायबानी मांझी, कमला बाई, डॉ.नेहा सिंह, प्रियंका मरावी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

बाबा साहेब की जयंती मनाते समाज के लोग।

चरचा कॉलरी। भारत रत्न बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह साकेत सदन में मनाया गया। एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के चरचा माइन आरओ में मुख्य मार्ग स्थित साकेत सदन में मुख्य अतिथियों की उपस्थित में बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बैकुंठपुर क्षेत्र महाप्रबंधक बीएन झा, चरचा माइन आरओ सहक्षेत्र प्रबंधक जितेन्द्र कुमार, खान सुरक्षा अधिकारी एमआर मंडावी, सीएमओ, बैकुंठपुर क्षेत्र अध्यक्ष अनिल कुमार सोनपुरिया, वरिष्ठ कार्मिक प्रबंधक बैकुंठपुर क्षेत्र विकास शंकर ओझा, भूपेन्द्र यादव, हेमसागर यादव, आरके अहिरवार, राजेन्द्र कुमार सहित काफी संख्या में अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के पूर्व मुख्य अतिथियों द्वारा बाबा साहब के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। इस दौरान मुख्य अतिथियों सहित काफी संख्या में उपस्थित लोगों ने बाबा साहब डॉ.भीमराव अम्बेडकर की संविधान एवं सिद्धांत की शपथ दिलाई गई। बैकुंठपुर क्षेत्र महाप्रबंधक बीएन झा ने बताया कि डॉ.बाबा साहब अंबेडकर भारतीय बहुज्ञ, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे।

जगह-जगह मनाई गई डॉ.आम्बेडकर की जयंती

उपस्थित जीएम व अन्य।

उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और अछूतों, दलितों से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था। श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन भी किया था। वे स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मंत्री भी रह चुके हैं। भारतीय संविधान के जनक एवं भारत गणराज्य के निर्माताओं में से एक थे, उन्हीं के बनाए संविधान पर पूरा देश चल रहा है।

चैत्र नवरात्र पर नगर का माहौल हुआ भगवामय

बलरामपुर। चैत्र नवरात्र पर नगर का माहौल भक्तिमय हो गया है। नवरात्र के अवसर पर चौक चौराहे भगवामय हो गए है इसके साथ ही मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। बता दें कि चैत्र नवरात्र का पर्व जिलेभर में उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। नवरात्र के अवसर पर श्रद्धालु व्रत रखने के साथ ही विधि विधान से पूजा अर्चना कर रहे है। नवरात्र के मौके पर देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भी बढ़ गई है और बड़ी संख्या में लोग माता के दर्शन हेतु पहुंच रहे है। वहीं नवरात्र व रामनवमी को लेकर नगर का माहौल भगवामय हो गया।

जंगल किनारे तिरपाल से झाला बनाकर कर रहे थे महुआ फूल की पहरेदारी

दल से बिछड़े दंतैल ने जंगल किनारे दंपती समेत दो बच्चों पर किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

दल से बिछड़ कर फतेहपुर पहुंचे एक हाथी ने जंगल किनारे तिरपाल से झाला बना कर रह रहे परिवार पर हमला कर दिया। हाथी के हमले में मां-बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि पिता-पुत्र को मामूली चोटें आई है। घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां मां-बेटी की हालत नाजुक बनी हुई है। बताया जा रहा है कि परिवार के लोग महुआ पेड़ के समीप तिरपाल से झाला बनाकर महुआ फूल की पहरेदारी कर रहे थे।

विकासखंड उदयपुर विकास खंड के ग्राम फत्तेपुर में आज तड़के करीब 3 बजे दल से बिछड़े एक हाथी ने अचानक मोहनपुर होते हुए चकेरी, बासेन,परोगीया जंगल से फत्तेपुर पहुंचा। इसी बीच गांव के ही दुर्गा प्रसाद जंगल किनारे महुआ पेड़ के समीप तिरपाल से झाला बना कर पत्नी हरामति व दो बच्चों के साथ महुआ की रखवाली कर रहे थे। अचानक हाथी ने जब झाला को तोड़ने लगा तो हरामति अपनी दूधमुहे 8 माह की बच्ची अंजना को गोद में लेकर जबकि दुर्गा प्रसाद पुत्र को लेकर झाला से निकल भागने लगे तो हाथी ने मासूम के रोने की आवाज को सून हरामति पर हाथी ने हमला कर दिया।

खास बात

- महुआ के सीजन में हाथियों के आगमन से क्षेत्र में मचा हड़कंप

कर रहे सतर्क

वन विभाग की टीम दिन रात हाथी पर निगरानी रखे हुए है। क्षेत्र के ग्रामीणों को हाथियों के आगमन की सूचना लगातार टीम द्वारा दी जा रही है। अभी भी एक हाथी वन क्षेत्र में भ्रमण कर रहा है। ग्रामीणों को जंगल नहीं जाने तथा हाथियों को नहीं छेड़ने की समझाइश दी जा गई है। हाथी के हमले से घायल मां-बेटी को अम्बिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां वन विभाग द्वारा उपचार कराया जा रहा है।

-कमलेश राय
वन परिक्षेत्र अधिकारी उदयपुर

कार्यकर्ताओं को पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस ने किया चार्ज

धौरपुर। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी घोषित होने के बाद पहली बार लुण्ड्रा विधानसभा में कार्यकर्ताओं को चार्ज करने के उद्देश्य से ब्लाक कांग्रेस कार्यालय में बैठक की गई। बैठक में लुण्ड्रा ब्लॉक के सभी कार्यकर्ता उपस्थित हुए। सम्मेलन में कांग्रेस प्रत्याशी शशि सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया कांग्रेस की जीत के लिए घर-घर जाकर लोगों से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया।

अग्निशमन सेवा दिवस पर विभाग ने निकाली जागरूकता रैली

सूरजपुर। अग्निशमन सेवा दिवस के अवसर पर आज अग्निशमन विभाग द्वारा अग्नि सुरक्षा जन जागरूकता रैली निकाली। नगर भ्रमण के दौरान लोगों को नारे व पंपलेट के माध्यम से अग्नि से होने वाली दुर्घटना व बचाव के बारे में जागरूक किया गया।